**WACE भाषा आवेदन प्रक्रिया - माता-पिता/अभिभावकों के लिए जानकारी**

WACE भाषा कोर्स में भर्ती होने के इच्छुक सभी छात्र/छात्राओं को स्कूली पाठ्यक्रम एवं मानक प्राधिकरण (प्राधिकरण) [School Curriculum and Standards Authority (the Authority) ]के समक्ष *WACE भाषा कोर्समें भर्ती की अनुमति के लिए* [विद्यार्थी पोर्टल](https://studentportal.scsa.wa.edu.au) [(https://studentportal.scsa.wa.edu.au)](https://studentportal.scsa.wa.edu.au)*के माध्यम से एक ऑनलाइन आवेदन*प्रस्तुत करना होता है।

जब विद्यार्थी कक्षा 10* में होते हैं, तो वे *भाषा आवेदन* पूरा करते हैं।

*भाषा आवेदन* पूरा करने के लिए विद्यार्थी को घर या स्कूल में एक कंप्यूटर का प्रयोग करने की आवश्यकता होगी। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो भाषा शिक्षक/शिक्षिका या स्कूल प्रशासन से आपकी सहायता करने के लिए कहें।

**आवश्यक जानकारी**

विद्यार्थी को निम्नलिखित विवरण प्रदान करने की ज़रुरत है:

- प्राथमिक-पूर्व से लेकर प्रत्येक स्कूली वर्ष के लिए वे जिन स्कूलों में उपस्थित रहे थे/रही थीं
- उन कक्षाओं की स्कूली रिपोर्ट/टें, जिनकी पढ़ाई उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से बाहर की थी
- इससे पहले वे कौन से देशों में रहे/रही हैं
- इससे पहले वे कौन से देशों में गए/गई हैं/यात्रा कर चुके/चुकी हैं/अवकाश मना चुके/चुकी हैं, जिसमें उस देश की यात्रा/एँ करने का/के कारण और अवधि शामिल हैं। इसमें केवल वे देश ही शामिल हैं, जहाँ बोली जाने वाली भाषा के लिए वे आवेदन कर रहे/रही हैं
- उन्होंने कौन सी भाषा/ओं में पहली बार बात करना सीखा
- वे कौन सी अन्य भाषा/एँ बोल, पढ़ और लिख सकते/सकती हैं
- वे अपने माता/पिता या अभिभावक/कों और अपने भाई-बहनों एवं दोस्तों के साथ कौन सी भाषा/ओं में बात करते/करती हैं
- उनके माता/पिता या अभिभावक कौन सी भाषा/एँ बोलते/बोलती हैं।

**समर्थन दस्तावेज**

छात्र/छात्रा को अपने आवेदन में निम्नलिखित दस्तावेजों की एक तस्वीर या स्कैन अपलोड करने की आवश्यकता है:

- पूरा भरा गया *माता/पिता/अभिभावक अभिस्वीकृति* प्रपत्र (अनिवार्य)
- पासपोर्ट पहचान पेज, यदि उनका जन्म किसी अन्य देश में हुआ था या वे ऑस्ट्रेलिया से बाहर रहे/रही हैं
- विदेशी स्कूल रिपोर्ट/टें, यदि वे ऑस्ट्रेलिया से बाहर स्कूल/लों में उपस्थित रहे हैं

- अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही रिकॉर्ड, यदि वे उन देशों या स्थानों में रहे/रही हैं या यदि वे वहाँ की यात्रा अक्सर करते/करती हैं जहाँ बोली जाने वाली भाषा के लिए वे आवेदन कर रहे/रही हैं (यदि प्राधिकरण द्वारा अनुरोध किया जाए)।

भाषा आवेदन प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी WACE भाषा आवेदन वेबपेज (https://www.scsa.wa.edu.au/sirs-and-srms-info/srms-information/wace-language-applications) पर उपलब्ध है।

*यह कक्षा 9 के ऐसे गुणवान और प्रतिभाशाली/त्वरित छात्र/छात्राओं के लिए भी लागू होता है, जो कक्षा 10 में होते हुए कक्षा 11 का कोई भाषा कोर्स शुरू करने के लिए आवेदन करेंगे।